तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 डीएमएफ के 5271 कार्य में 395 करोड़ आवंटित...





11 बीएसपी कर्मियों की आवासीय और मेडिकल...




# बीरनपुर में पुलिस सहायता केन्द्र का विधायक ईश्वर ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के थाना साजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बीरनपुर में पुलिस सहायता केन्द्र के नवनिर्मित भवन का बुधवार को विधायक ईश्वर साहू ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक साहू के साथ ही पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विधायक श्री साहू ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के बाद नवनिर्मित भवन में रिबन काट कर लोकार्पण किया।

### किसी के बहकावे में न आएं : एसपी

एसपी भावना गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं आम जनताओं की समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से पुलिस सहायता केन्द्र शुरू किया गया है। ग्राम बिरनपुर व आसपास के ग्रामवासी यहां अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। पूर्व घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने अपील की है कि किसा भी असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आने तथा अफवाहों से बचें। एएसपी बेमेतरा पंकज पटेल ने पूर्व में हुये घटना के संबंध में बताते हुए कहा कि अच्छी छवि के लिए और सुरक्षा के बेहतर माहौल के लिए शांति व्यवस्था बहुत जरूरी है किसी भी के बहकावे में नहीं आना है। हरहाल में हमें सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखना है।

## अपराध पर अंकुश लगाने व समस्याओं के समाधान की पहल

### हिंसक घटना में हुई थी पुत्र की मृत्यु

ज्ञात हो कि विधायक ईश्वर साहू बीरनपुर की हिंसक घटना में अपने पुत्र भुनेश्वर साहू को खो चुके हैं। एक पुत्र के खो जाने का दर्द विधायक भलीभांति जानते हैं। कुछ माह पहले दो गुटों के विवाद के चलते बीरनपुर गांव अति अतिसंवेदनशील गांव के दायरे में आया था। अब पुलिस व्यवस्था के साथ गांव में शांति व्यवस्था की राहत होगी।



### अपराधों पर लगेगा अंकुश : ईश्वर साहू

इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि ग्राम बीरनपुर में पुलिस सहायता केन्द्र खुल जाने से निश्चित तौर पर क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी और अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा एवं अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर अंकुश लगेगा। साथ ही पूर्व में हुये घटना के संबंध में बताते हुए आपसी भाईचारे के साथ रहकर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की।

### लोकार्पण में ये रहे मौजूद

इस दौरान एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, मनीष सिंह राजपूत रक्षित निरीक्षक बेमेतरा, मुकेश यादव थाना प्रभारी साजा, उप निरीक्षक राजकुमार साहू थाना प्रभारी परपोडी, उप निरीक्षक राकेश साहू थाना प्रभारी खम्हरिया, उप निरीक्षक यशवंत जंघेल चौकी प्रभारी देवकर, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह राजपूत पुलिस सहायता केन्द्र बीरनपुर, ग्राम पटेल देवनारायण साहू, मनोहर साहू, भुवन साहू, उप सरपंच रूकुमलाल साहू, गंगाप्रसाद साहू, लीलाराम यदु, सचिव शिव प्रसाद जंघेल, हनुमंत साहू, भगवती साहू, गयालाल आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पसौद (हल्दी) में मड़ई-मेला 7 को

**लाटाबोड़।** ग्राम पसौद (हल्दी) में 7 जनवरी को मेला मड़ई का आयोजन रखा गया है। उपसरपंच जीवन लाल साहू ने बताया कि ग्राम में मड़ई-मेला का 26वां वर्ष है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ही नाच पार्टी नवा किरण भंडारपुर जिला राजनांदगाव वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### ट्रक चालक की बेदम पिटाई तीन युवक पर अपराध दर्ज

**बालोद।** ट्रक की बैटरी को चार्ज करने ट्रक को चालू रखने पर तीन युवकों ने ट्रक चालक पर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाते हुए जमकर मारपीट कर चालक को अधमरा कर दिया। पीड़ित ट्रक चालक ने अर्जुन्दा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी जगदीश निषाद ने बताया 31 दिसम्बर को सुबह 8 बजे अपने ट्रक को ग्राम टिकरी स्थित अपने घर के सामने मैदान में खड़ा किया था। दूसरे दिन 1 जनवरी को रात्रि करीब 8.20 बजे अपने ट्रक के बैटरी को चार्ज करने के लिए ट्रक को चालू कर छोड़ दिया था। इसी दौरान बाइक सवार आरोपी राजा गंवटिया, किशोर व बंटी वहां पहुंचे और ट्रक चालू रखकर परेशान करने, वायु प्रदूषण करने का आरोप लगाते हुए जोरदार पिटाई कर दी। इससे प्रार्थी का सिर फट गया और नाक-मुंह से खून निकलने लगा। उसे अधमरा होते तक जबरदस्ती पिटा गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

### अभी तक नहीं मिला अविहित अधिकारियों का मानदेय

**बालोद।** विकासखंड बालोद में अविहित अधिकारियों का मानदेय अभी तक अप्राप्त है। समय समय पर चुनाव आयोग द्वारा शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अविहित अधिकारी व बीएलओ का कार्य करवाया जाता है तथा जिसका मानदेय सही समय पर कभी प्राप्त नहीं हो पाता। आरोप है कि कार्यालय से जानकारी मांगने पर गोलमोल जवाब दिया जाता है तथा बार बार जानकारी मांगने पर जवाब से संतुष्ट नहीं हो पाने पर कार्यालय से डांट व झिड़क भी दिया जाता है।

सदस्यों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत, 14 सदस्य रहे उपस्थित

# नगर पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के खिलाफ दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनपद पंचायत बेमेतरा में अध्यक्ष रेवती साहू और उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा के खिलाफ जनपद सदस्य लामबंद हो गए हैं। सदस्यों ने एकमत होकर विश्वास प्रस्ताव के लिए कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। आवेदन में 21 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं, किंतु 14 सदस्य ही आवेदन के साथ कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत हुए। जिसके चलते कलेक्टर ने आवेदन में उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर सत्यापन के उपरांत आगे की कार्यवाही करने की बात कही है।

### दूसरी बार आया अविश्वास प्रस्ताव

दरअसल जनपद पंचायत बेमेतरा में वर्तमान कार्यकाल में दूसरी दफा अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इसके लगभग 14 माह पूर्व नवंबर 2022 में अध्यक्ष कुमारी बाई जायसवाल और उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तब अध्यक्ष कुमारी बाई जायसवाल को जहां अपने पद से हाथ धोना पड़ा था वहीं उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहे थे।

## बदली हुई राजनीतिक बयार का दिखने लगा असर



### अविश्वास का आवेदन मिला : कलेक्टर

इस संबंध में जब बेमेतरा कलेक्टर पी एस एल्मा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया की 14 जनपद सदस्यों के द्वारा 21 सदस्यों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के खिलाफ अलग-अलग आवेदन सदस्यों ने प्रस्तुत किया है। आवेदन में किए गए हस्ताक्षर के मिलान के उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### सदस्यों ने लगाया मनमानी का आरोप

इस बार भी जनपद पंचायत बेमेतरा में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष दोनों के खिलाफ सदस्यों ने लामबंद होकर आवेदन प्रस्तुत किया है। जनपद सदस्यों के आवेदन में सदस्यों को विश्वास में नहीं लेने तथा मनमानी किए जाने का आरोप लगाया गया है। बहरहाल इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस कार्यकाल में जनपद पंचायत बेमेतरा में तीसरे अध्यक्ष के हालात बन सकते हैं। वहीं उपाध्यक्ष के खिलाफ जिस तरह से सदस्यों में आक्रोश है, उसके चलते अविश्वास प्रस्ताव पर मुहर लगना लगभग तय माना जा रहा है। किंतु राजनीति में समय से पहले कुछ कहना बेमानी भी हो सकता है। जिसके चलते अब आवेदन के सत्यापन की प्रक्रिया संपन्न हो जाने के बाद प्रशासनिक कार्यवाही शुरू होगी तथा तिथि का निर्धारण भी होगा।

### नवागढ़ अध्यक्ष की कुर्सी गई

जिले में सत्ता परिवर्तन के साथ जिस तरह से नवागढ़ नगर पंचायत के अध्यक्ष तिलक घोष को अपने पद से हाथ धोना पड़ा है, वहीं थान खमरिया नगर पंचायत के अध्यक्ष तितली गौरव बिंदल को उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश मिल जाने से उनकी कुर्सी बच गई है। नगरी निकाय के बाद अब हालात जनपद पंचायत की ओर रुख कर गया है, शुरुआत जनपद पंचायत बेमेतरा से हुई है। हालांकि गैरदलीय आधार पर संपन्न हुए चुनाव में बेमेतरा जनपद पंचायत में अब तक कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर काबीज रहे हैं। किंतु अब प्रदेश में सत्ता बदलने के साथ-साथ जिले में भी राजनीतिक दशा-दिशा पूरी तरह बदल चुकी है। जनपद पंचायत में शुरुआत बेमेतरा से हुई है। इसका असर आने वाले दिनों में अन्य जनपद पंचायत में भी देखने को मिल जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

# मुख्यमंत्री साय ने किया कैलेण्डर का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ अनियमित कर्मचारी महासंघ ने की सीएम से मुलाकात

छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी एवं वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कराया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संरक्षक योगेश तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सौरभ मिश्रा एवं प्रदेश सचिव भूपेन्द्र साहू उपस्थित थे। आगामी फरवरी माह में मुख्यमंत्री के स्वागत-सम्मान एवं कर्मचारियों के सम्मेलन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया इस पर मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार किया है।

# विधायक दीपेश से कुर्मी समाज के प्रतिनिधियों ने की भेंट



**बेमेतरा।** नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू से कुर्मी समाज के पदाधिकारियों ने उनके आवास में सौजन्य भेंट-मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई दी। बधाई देने वालों में कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कौशल सिंह वर्मा, युवा अध्यक्ष योगेश वर्मा, महिला अध्यक्ष गौरी वर्मा, राजा वर्मा, कोषाध्यक्ष शेखर वर्मा, व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह वर्मा, कमलेश वर्मा, बिजेंद्र वर्मा, मंत्री सिंह वर्मा व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। यह जानकारी कुर्मी समाज के मीडिया प्रभारी राजा वर्मा ने दी।

# सैगोना के ग्रामीणों ने किया सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला के समीप ग्राम सैगोना में ग्रामवासियों ने ग्राम के ही रिटायर्ड सैनिक इंस्पेक्टर हृदय सिंह वर्मा और हवलदार करण सिंह वर्मा का फौज से लम्बी सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होकर प्रथम ग्राम आगमन पर परिवार जनों व ग्रामीणों ने भव्य गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। ग्राम के हेमसिंह वर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए हमारे ग्राम के लिए गर्व की बात है कि हमारे गांव के जवानों ने देश सेवा में महत्वपूर्ण सेवा दी। इस अवसर पर ग्राम के उजागर दास गोसाईं, सुरेश वर्मा, गोविंद वर्मा, सुनील सिन्हा, योगेश सिन्हा, हरनारायण वर्मा, जलेश्वर पटेल,सान्तु वर्मा, परदेशी सिन्हा, चंद्रशेखर वर्मा, कुलेश्वर वर्मा उपस्थित थे।



# मां दुर्गा के सभी रूपों से मिलती है प्रेरणाः छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ ग्राम गब्दा में आयोजित झांकी महोत्सव में शामिल हुए पूर्व विधायक

बेरला ब्लाक के ग्राम गब्दा में जय मां महामाया जसबईहा झांकी संस्थान एवं ग्रामवासी द्वारा एक दिवसीय झांकी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि जगत जननी मां दुर्गा की सभी को भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा के अनेक रूप हैं, जो हमें प्रेरणा और शक्ति देती हैं। माता रानी ने जगत की रक्षा के लिए राक्षसों का संहार किया। हम सब को जस झांकी, जस गान के माध्यम से मां भगवती के विभिन्ना चमत्कारों को देखने-सुने को मिलाता है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से गांव में आपसी समरसता, अखंडता, सहयोग की भावना बनी रहती है। कार्यक्रम में बबला वर्मा, चंद्रशेखर परगनिया, संजू परगनिया सरपंच प्रतिनिधि, नेतराम निषाद,शिवा चंद्रवंशी, सूर्यकांत परगनिया, खिलावन ध्रुव, अजय ठाकुर,राजेश चंदेल, कुशाल नायक,कृष्णा चतुर्वेदी, चंद्रिका निषाद,सूरज निषाद, मोहन निषाद,शिवकुमार निषाद, जनक निषाद, प्रेमलाल निषाद,मनीष निषाद, राजेश, हरीश, रामेश्वर वर्मा,निहाल परगनिया, मनीष पाठक, भागवत निषाद,बीरेंद्र वर्मा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



### गुंडरदेही में मेडिटेशन अनुभूति शिविर आज से

**गुण्डरदेही।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी गुण्डरदेही द्वारा शिव दर्शन भवन गुण्डरदेही में 4 से 8 जनवरी तक 5 दिवसीय मेडिटेशन अनुभूति शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ के शिव दर्शन भवन शांति विहार गुण्डरदेही में किया जा रहा है। यह मेडिटेशन शिविर दो पाली में संचालित होगा, जिसमें प्रथम पाली सुबह 7:30 से 8:30 बजे व द्वितीय पाली शाम 6 बजे से 7:30 बजे रहेगा। इन पांच दिनों में भिन्न–भिन्न क्रियात्मक शिक्षण के माध्यम से भिन्न–भिन्न विषयों पर व्याख्यान तथा अनुभूति शिविर होगा। प्रथम दिवस पर खुशियों के खजानों की चाबी, दूसरे दिन महान विचारों का चमत्कार, तृतीय दिवस पर कर्म और भाग्य, चतुर्थ दिवस पर शांति का अनुभव, पंचम दिवस पर परमात्म शक्ति का अनुभव पर व्याख्यान देगी।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


## कलेक्टर पीएस एल्मा ने जारी किया आदेश

# कलेक्टोरेट परिसर में दो माह के लिए धारा 144 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पी.एस.एल्मा ने गत दिवस एक आदेश जारी कर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में खाद्य शाखा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, खनिज विभाग आदि संचालित हैं, जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं का आवागमन रहता है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जुलूस, धरना एवं प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासकीय कार्य प्रभावित होता है। अतः संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के आसपास शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखना आवश्यक है, ताकि शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्ना कराया जा सके। इसके लिए यह आवश्यक है कि उपरोक्त क्षेत्र में जुलूस, धरना, सभा एवं प्रदर्शन आदि के आयोजन को रोका जाए। यह आदेश सभी प्रकार के दलों, संगठनों, संघो तथा आम जानता पर लागू होगा तथा 28 दिसम्बर से 28 फरवरी तक (2 माह) प्रभावशील रहेगा।



**हथियार लेकर आने पर होगी कार्रवाई** : कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एल्मा ने धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बेमेतरा नगर स्थित संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में जुलूस, धरना, आमसभा, प्रदर्शन पर प्रतिबंधि लगा दिया है। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी/सुरक्षाकर्मी को छोड़कर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा।

### सभा, रैली व जुलूस के पूर्व लेनी होगी अनुमति

विभिन्ना सभाओं, रैली, जुलूस, आदि करने के पूर्व संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी/कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र में सभाओं, रैली, जुलूस आदि के स्थान, दिनांक एवं समय का उल्लेख करते हुए पूर्ण विवरण दिया जाना आवश्यक होगा। कार्यालय परिसर के 100 मीटर के भीतर 5 से अधिक व्यक्ति एकसाथ प्रवेश नहीं करेंगें। यह आदेश सभी प्रकार के दलों, संगठनों, संघों तथा आम जनता पर लागू होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्घ धारा 188, के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।


आवश्यक सूचना

हरिभूमि

पाठकों के लिए

पाठक पुरस्कार योजना-2023

हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

